# कार्यालय : वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, बोकारो।

वन भवन, ब्लॉक-'ए' पुरूलिया रोड़, चास, बोकारो-827013

Email – cf-bokaro@gov.in, bokarocf@gmail.com, cfbokaro@rediffmail.com मो० – 8987790301


पत्रांक : 742, दिनांक : 26.08.2021

सेवा में,

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
बोकारो वन प्रमण्डल।

**विषय :–** **लिलो 200 KV D/C टी0टी0पी0एस0 गोविन्दपुर से जैनामोड़ ट्रांसमिशन लाईन निर्माण हेतु कुल 34.739 हे0 वनभूमि के अपयोजन प्रस्ताव के संबंध में।**

**प्रसंग :–** भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, राँची का पत्र संख्या–4697 दिनांक 22.06.2021 एवं प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची का ज्ञापांक 738 दिनांक 25.06.2021।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संदर्भ में सूचित करना है कि वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के तहत् विचाराधीन मामलों के निष्पादन हेतु निर्धारित PARIVESH PORTAL के अवलोकन से पता चल रहा है कि आपके द्वारा दिनांक 10.08.2021 को ही प्रासंगिक पत्र द्वारा वांछित अभिलेखों को ऑनलाईन अपलोड कर अग्रसारित किया गया है। परन्तु आज तक आपके स्तर से इस संबंध में इस कार्यालय को कोई सूचना अथवा हॉर्ड कॉपी उपलब्ध नहीं कराई गई है। आपके स्तर से ऑनलाईन अपलोड किये गये अभिलेखों के अवलोकन से स्पष्ट हो रहा है कि भारत सरकार के प्रासंगिक पत्र से पृच्छित सभी बिन्दुओं का निराकरण नहीं हो पा रहा है।

अतः अनुरोध है कि पृच्छित सभी बिन्दुओं का निराकरण कर इस कार्यालय को प्रतिवेदित करना सुनिश्चित किया जाय, ताकि अग्रतर कार्रवाई की जा सके।

विश्वासभाजन

26-8-21

वन संरक्षक,
प्रादेशिक अंचल, बोकारो।

26/08/2021